तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 सितंबर, 2025


10 विद्यार्थियों में सेवा भाव जागृत करता है एनएसएस...


10 भाजपा ने बास पीएचसी सेंटर में लगाया रक्तदान...

## खबर संक्षेप

### नपा के फर्जी चेक घोटाले में तीसरा आरोपी काबू

**उकलाना मंडी।** पुलिस ने नगरपालिका उकलाना से जुड़े लगभग 12 लाख रुपये के फर्जी चेक घोटाले के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उससे 30 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। मामले में जांच अधिकारी एएसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिला नगर आयुक्त, हिसार से प्राप्त शिकायत व जांच रिपोर्ट में पाया गया कि नगरपालिका उकलाना के फर्जी चेक के माध्यम से लगभग 12 लाख का गबन किया गया था।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 12 लाख की ठगी

**हिसार।** शहर की एक कॉलोनी के युवक से विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने मेडिकल करवाने के बहाने वीडियो कॉल कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसके बाद और रुपये ऐंठने के लिए वीडियो को इंटरनेट पर वायरल करने की बात कह ब्लैकमेल करने लगे। फिलहाल पुलिस ने गुजरात के हिम्मतनगर निवासी सिंकदर, सिमरन कौर और विजय शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### खेत में बने मकान से काफी सामान चोरी

**हांसी।** अज्ञात चोरों ने गांव ढाणी गुजरान के खेतों में बने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का सामान चुराकर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मकान मालिक रामफल गुर्जर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### अपहरण व लूट करने के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** अपहरण कर लूट करने के मामले में पीएलए चौकी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नहला गांव निवासी विक्रांत उर्फ खादू के रूप में हुई है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में सैनियान मोहल्ला निवासी अरुण ने पुलिस को शिकायत दी थी।

### किसान पर डंडों से हमला, पांच पर केस

**नारनौंद।** मिर्चपुर गांव के स्टेडियम में खेतों से लौट रहे किसान पर पांच अज्ञात युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने किसान को घसीटकर अंदर ले जाकर बेरहमी से पीटा और धमकी देकर फरार हो गए। नारनौंद पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित किसान सतीश ने पुलिस को बताया कि 14 सितंबर की रात को वह खेत से लौटते हुए स्टेडियम में पौधों की देखरेख कर रहा था।

## पहले दिन महाराष्ट्र के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

# ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल बोर्ड की 47वीं बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज

### क्वार्टर फाइनल मुकाबलों मे महाराष्ट्र डिस्कॉम ने एमपी पावर को 2-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्युत नगर स्थित खेल प्रांगण में हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की मेजबानी में ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल बोर्ड की 47वीं बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच शुरू हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को सुनील शास्त्री ने मार्च पास्ट करवाया तथा कार्यकारी अभियंता इंजीनियर उर्मिला ने खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई।

**पहले दिन हुए मुकाबलो के परिणाम :** तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन महिलाओं के प्री क्वार्टर फाइनल मे महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी ने हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड को 2-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों मे महाराष्ट्र डिस्कॉम ने एमपी पावर को 2-1 से, राजस्थान विद्युत निगम ने उत्तर प्रदेश स्टेट को 2-0 से व गुजरात ऊर्जा विकास निगम ने महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन को 2-0 से हराया।

वही पुरुषों के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलो मे गुजरात ऊर्जा विकास निगम ने महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन को 3-1 से हराया। महाराष्ट्र डिस्कॉम ने राजस्थान विद्युत निगम को 3-1 से, तेलंगाना स्टेट पावर जनरेशन ने बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी को 3-1 से और टाटा पावर ने मप्र पावर को 3-2 से हराया और हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप ने महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी को 3-2 से हराया।





हिसार। मैच में शॉट मारती बैडमिंटन खिलाड़ी वमुख्य अतिथि ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर विजेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### खेलों से हमें आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : विजेंद्र सिंह

इससे पूर्व अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह ने बैडमिंटन के सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैडमिंटन एक ऐसा खेल है, जो न केवल शारीरिक कौशल और तकनीकी दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और समर्पण का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि आप एक टीम की तरह खेलें। एक-दूसरे का सहयोग करें, एक-दूसरे से सीखें, आपकी एकता ही आप सबकी सबसे बड़ी ताकत है। मुख्य अतिथि बिजेंद्र सिंह ने कहा कि खेलों से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है तथा खेलों से अनुशासन व नेतृत्व की भावना का विकास होता है।

### देशभर से लगभग 200 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

इस अवसर पर हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के जनरल सेक्रेटरी व बैडमिंटन नर्सरी के कोच सुरेन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि खिलाड़ियों और अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने इस तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, मुंबई, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्यों के लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी खेल रहे हैं, जिनमें अर्जुन अवार्ड विजेता रोहित भाकर, पैरा एशियाड मेडलिस्ट राजकुमारआदि शामिल हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डीएचबीवीएन के मुख्य अभियंता/प्रशासन रजनीश गर्ग, अधीक्षक अभियंता एफआर नकवी, एसएस राय, बिजेन्द्र सिंह, एसके. सिंह, सीएओ विजय गुप्ता, कार्यकारी अभियंता होशियार सिंह जाखड़, हरियाणा बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं ओलंपिक एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी और बिजली निगम के खेल अधिकारी रविंद्र पानू, इंजीनियर विनीता सिंह, वरिष्ठ लेखाधिकारी प्रदीप कुमार, लेखाधिकारी रमेश वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और विद्युत नगर परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## बीमारियों से बचने को सफाई रखना जरूरी

# आधार अस्पताल ने लगाया स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**हिसार।** प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे विशेष स्वास्थ्य पखवाड़ा अभियान के तहत आधार अस्पताल ने मॉडल टाउन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें आधार अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने विद्यार्थियों की प्राथमिक जांच करते हुए उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के टिप्स दिए। स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं को विशेष रूप से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के टिप्स दिए। साथ ही साफ-सफाई और किसी बीमारी के लक्षण होने पर समय पर जांच कराके उपचार लेने की सलाह दी। विद्यालय प्रशासन ने स्वास्थ्य पखवाड़े की सरकार की पहल का स्वागत किया और आधार अस्पताल की टीम का आभार प्रकट किया।



जांच करती आधार अस्पताल की टीम।

## राजकीय महाविद्यालय उकलान में चलाया स्वच्छता अभियान




**उकलाना।** राजकीय महाविद्यालय उकलाना में बुधवार को एनएसएस दिवस एवं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. चंदन सिंह एवं प्राध्यापिका डॉ. सुरीना के कुशल नेतृत्व में हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और आमजन को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी की फतेह

# गांव मिंगनी खेड़ा के बेटे पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने रचा नया इतिहास

**हिसार।** हरियाणा के लाल हिसार जिले के गांव मिंगनी खेड़ा के बेटे पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु (8163 मीटर) पर अपनी चढ़ाई पूरी करके भारतीय तिरंगा फहराया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी इस उपलब्धि से हरियाणा ही नहीं ब्लकि पूरे देशवासियों को गौरवान्वित किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु जिसकी चढ़ाई 8163 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरुआत 7 सितम्बर को शुरू किया और 22 सितम्बर को सुबह 6:00 बजे तिरंगा फहराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपने इस अभियान को 15 दिन में पूरा किया।

■ नरेंद्र की इस उपलब्धि से सभी को गर्व



पर्वतारोही नरेंद्र कुमार।

### पर्वतारोही नरेंद्र की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु जिसकी चढ़ाई 8163 मीटर है, इसको अभी 22 सितम्बर को पूरा किया। इससे पहले वे पहले हरियाणवी पर्वतारोही हैं जिन्होंने माउंट अन्नपूर्णा (ऊंचाई 8,091 मीटर) पर तिरंगा फहराया, और उन्होंने पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय एवं विश्व स्तरीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया एनएसएस दिवस

# पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे राष्ट्रीय स्वयं सेवक



हिसार। रैली निकालते एनएसएस स्वयंसेविकाएं।

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनएसएस दिवस के अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने हरी झंडी दिखाकर किया। चेयरमैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस रैली के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों में पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि विषयों पर जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिए। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख लक्ष्य समाजसेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समुचित विकास करना है। प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य 'नॉट मी बट यू', लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को पुष्ट करता है।

### स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता रैली से दिया समाज सेवा का संदेश

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज हिसार की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कपेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके उपरांत उन्होंने स्वयंसेवकों की सामाजिक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय परिसर से रवाना किया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के मूल्यों तथा सड़क यातायात जागरूकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर लोक नृत्य तथा देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी। अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ परविंदर दलाल ने स्वयंसेवकों को सामाजिक आदर्शों पर व्याख्यान दिया। एनएसएस दिवस कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण लाल एवं डॉ नेहा डांगी के मार्गदर्शन में हुआ।




## आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

# आयुर्वेद करता रोग के मूल कारणों का निवारण : प्रो. बीआर काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि आयुर्वेद केवल लोगों के उपचार का माध्यम ही नहीं बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद रोग के मूल कारणों का निवारण करता है। प्रो. बीआर काम्बोज मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के औषधीय सुंगधित एवं क्षमतावान अनुभाग और भू-दृश्य सरंचना इकाई द्वारा आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता प्रो. धीमान ने कहा कि आज पूरी दुनिया में लोग प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहे हैं जिससे इसकी महता और बढ़ गई है। आयुर्वेद हमें प्राकृतिक संतुलन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। योग को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति बताते हुए उन्होंनं कहा कि इसमें जड़ी-बूटियों, धातुओं, खनिजों और प्राकृतिक संसाधनों से बने औषधियों का उपयोग किया जाता है। जीवन को ठीक प्रकार से जीने का विज्ञान ही आयुर्वेद है, क्योंकि यह विज्ञान केवल रोगों की चिकित्सा या रोगों का ही ज्ञान प्रदान नहीं करता अपितु जीवन जीने के लिए सभी प्रकार के आवश्यक ज्ञान की प्राप्ति भी करता है।



हिसार। औषधीय पौधे वितरित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## समाज में एकता की मजबूती पर दिया जोर

# हांसी पुलिस ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन



हांसी। रन फॉर यूनिटी दौड़ में भाग लेते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स व अन्य।

**हांसी।** हांसी पुलिस द्वारा बुधवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों व स्कूली विद्यार्थियों के साथ मिलकर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। यह दौड़ पृथ्वीराज चौहान किला गेट से प्रारंभ होकर बड़सी गेट और पुराना बस स्टैण्ड होते अंबेडकर चौक पर जाकर संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और खेल-कूद के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना था। पुलिस अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौड़ में स्थानीय नागरिकों, छात्रों, युवा खेल प्रेमियों और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

## आरोप | किसान ने बिजली मंत्री, उपायुक्त व सीएम विंडो में भेजी जेई के खिलाफ रिश्वत की शिकायत

# बाढ़ आ गई लेकिन किसान को नहीं दिया फ्लड इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन

सिंचाई विभाग ने जांच के बाद आवेदन स्वीकार करके बिजली निगम को भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गब्बर के नाम से प्रसिद्ध बिजली मंत्री अनिल विज के विभाग के हालात यह है कि एक किसान ने मानसून की दस्तक के तुरंत बाद बाढ़ की आशंका जताते हुए अपने खेत व ढाणी में फ्लड इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया। सिंचाई विभाग ने जांच के बाद आवेदन स्वीकार करके बिजली निगम को भेज दिया लेकिन आरोप है कि विभाग के जेई (कनिष्ठ अभियंता) ने रिश्वत न मिलने के कारण किसान के इस कनेक्शन की फाइल रिजेक्ट करवा दी।

अपने गांव के किसान के साथ हुई इस घटना के विरोध में राजली गांव की सरपंच सुनीता देवी ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को जेई को भ्रष्ट बताते हुए रिश्वत व शराब मांगने के आरोप में शिकायत भी भेजी है लेकिन स्थिति वही ढाक के तीन पात वाला है। अब किसान राजली गांव निवासी किसान कम नंबरदार सूबे सिंह ने बिजली मंत्री, दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक, उपायुक्त और सीएम विंडो में इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 5 जुलाई को फ्लड इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन के लिए सिंचाई विभाग के बरवाला एसडीओ के पास आवेदन किया था जिसके बाद नहरी पटवारी ने मौके पर आकर नक्शा बनाया और फिर जिलेदार ने उसके बयान दर्ज किए और फ्लड इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन फाइल हिसार सिंचाई विभाग को भेज दी। इसके बाद सिंचाई विभाग ने 6 अगस्त को फ्लड इलेक्ट्रिसिटी इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन पास करके उसकी फाइल बिजली निगम के बाडोपट्टी गांव स्थित एसडीओ कार्यालय को भेज दी। आरोप है कि जेई बहानेबाजी करके चक्कर कटवाता रहा और फिर एक दिन मौके का मुआयना करने आया और उसके भतीजे मुकेश से अकेले में बात की और कहा कि कनेक्शन लगवाने के लिए पांच से सात हजार रुपये रिश्वत देनी होगी।



हिसार। किसान सूबेसिंह अपने खेत में बने घर के बाहर जमा पानी में खड़े होकर मौके की स्थिति बताता हुआ। *फोटो : हरिभूमि*

### यह है किसान का आरोप

किसान ने बताया कि उसका राजली गांव सितंबर माह से बाढग्रस्त है और उसकी फसल खराब हो चुकी है तथा अगली फसल की बुआई की भी कोई उम्मीद नहीं है क्योंकि इस समय उसके खेत में तीन से चार फुट तक पानी खड़ा है। ऐसे में वह इस समय कर्ज में डूबा है और उसके घर (ढाणी) में भी पानी घुसा हुआ है। इसलिए वह जेई की रिश्वत की मांग पूरी नहीं कर सका तो उसने मुझे धमकी दी कि जल्दी ही रिश्वत की राशि नहीं दी तो वह उसकी फाइल रिजेक्ट करवा देगा। इसके बाद कनेक्शन लगवाने के लिए उससे काफी मिन्नत की लेकिन वह नहीं माना और उसने मेरी फ्लड इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन की फाइल रिजेक्ट करवा दी।

### बाढ़ कारण बताया

गांव में इसलिए आई बाढ़ किसान सूबे सिंह ने राजली गांव में आई बाढ़ का कारण बताते हुए कहा कि इसका मुख्य कारण यह है कि पंघाल गांव से राजली गांव तक आने वाली सड़क, राजली गांव से खेदड़ और सरसौद गांव की तरफ जाने वाली सड़क व हिसार-लुधियाना रेलवे लाइन के नीचे से बाढ़ के पानी की निकासी के लिए साइफन नहीं है, जिसके कारण ही यह समस्या है। यह समस्या दुबारा ना आए, इसके लिए कृपया करके उपरोक्त सड़कों व रेलवे लाइन के नीचे से साइफन बनाया जाए।

## खबर संक्षेप

### नई ऑटो मार्केट में जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने नई ऑटो मार्केट में छापेमारी कर पांच व्यक्तियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई विक्रम ने नई ऑटो मार्केट स्थित एक दुकान के तीसरे फ्लोर पर छापा मारकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे पांच व्यक्तियों को काबू किया। इस संबंध में पुलिस ने मालिया मंडी हांसी निवासी रवि, हिसार के शिव नगर निवासी श्रवण कुमार, सेक्टर 15 निवासी रितिक, सैनियान मोहल्ला निवासी अमित सैनी व खेड़ी बर्की निवासी मुकेश कुमार शामिल है।

### स्कूटी चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने स्कूटी चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी सिरसा के कागदाना निवासी मोहित और भिवानी की बालाजी कॉलोनी निवासी सचिन है जबकि तीसरा नाबालिग है, जिसे अभिरक्षा में लिया गया है। अर्बन एस्टेट पुलिस चौकी में सुभाष नगर निवासी सुरेंद्र ने उसके घर के सामने से स्कूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने 21 सितंबर की शाम को स्कूटी उसके घर के सामने गली में खड़ी की थी जिसे अगले दिन देखा तो उसे वह वहां नहीं मिली।

### नशा मुक्ति को लेकर नुक्कड़ नाटक

**हिसार।** राजकीय आईटीआई में छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति को लेकर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। संस्थान की प्रधानाचार्य प्रेम किरण ने बताया कि नुक्कड़ नाटक में छात्र-छात्राओं द्वारा संदेश दिया गया कि नशे से आदि व्यक्ति के कारण देश, समाज व भाईचारे में रुकावटें पैदा होती है तथा समाज कभी भी विकास नहीं कर पाता। ऐसे व्यक्ति के परिवार व सगे संबंधी दुखी रहते हैं तथा उस व्यक्ति के बच्चे कभी तरक्की नहीं कर सकते। इसी कड़ी में संस्थान में सफाई अभियान, करियर काउंसलिंग, जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### केंद्रीय कारागार में मेडिकल कैंप लगा

**हिसार।** केन्द्रीय कारागार-2 में सिविल अस्पताल की टीम द्वारा एक मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। डॉ. अभिषेक, डॉ. उत्कृष्ट, डॉ. कल्पना, डॉ. दिव्या मोहन और चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार की टीम द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों की टीम ने जेल प्रशासन के साथ मिलकर जेल में पौधरोपण किया। जेल अधीक्षक रमेश व नोडल अधिकारी नरेश बूरा ने बताया कि मोदी की नीतियों को बढ़ावा देते हुए जेल परिसर को हरा-भरा रखने के लिए छाया व फलदार पौधे लगाए जा रहे है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जागरूकता अभियान

**हिसार।** लोक कलाकारों की टीम ने कई गांवों का दौरा कर नागरिकों को जागरूक किया। अभियान गांव मोहब्बतपुर, ढाणी मोहब्बतपुर, पुठी मंगल खां, हाजमपुर, सुल्तानपुर, मुजादपुर, उमरा, नलवा, बालावास सहित क्षेत्रों में आयोजित किया गया। लोक कलाकारों में स्टेज मास्टर महावीर शर्मा, भजन पार्टी से लीडर तेजपाल, कृष्ण कुमार, आशीष कुमार, राजेंद्र कुमार, अनूप, मनोज, एमबीपी मंजीत, कलाकार रविंद्र, बीपीडब्ल्यू करतार और ढोलक वादक कृष्ण कुमार आदि ने गीत-संगीत, नाटक, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### निगम ने रात को 64 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

**हिसार।** नगर निगम ने मंगलवार की रात्रि सड़कों से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया और 64 बेसहारा पशुओं को पकड़ा गया। अभियान के नोडल ऑफिसर सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दौरान पुलिस व तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही। मंगलवार रात्रि को आजाद नगर, ग्रोवर मार्केट, ग्रीन स्क्वेयर मार्केट, रेड स्क्वेयर मार्केट, बाल्मीकि चैक, पड़ाव क्षेत्र, गुलाब सिंह चैक, भगत सिंह चैक इत्यादि क्षेत्र से 64 पशुओं को पकड़ा।

## राजकीय कॉलेज में एनएसएस का 57वां स्थापना दिवस मनाया

# विद्यार्थियों में सेवा भाव जागृत करता है एनएसएस : रणबीर

**प्राचार्य ने किया मंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत**



हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के साथ मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह केवल सेवा का मंच नहीं है, बल्कि युवा पीढ़ी के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और समाजहित के संस्कारों को विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार को गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के 57वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भारतीय संस्कृति संगम' में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के अंदर से अहंकार को समाप्त कर उनमें सेवा, सहयोग, अनुशासन और समर्पण की भावना का संचार करती है। यह संगठन युवाओं को केवल समाज सेवा ही नहीं सिखाता, बल्कि उनमें देशहित और जनहित की चेतना भी जाग्रत करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा, अपराध और असामाजिक प्रवृत्तियों की ओर युवाओं का झुकाव एक गंभीर चुनौती है, परंतु एनएसएस जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। एनएसएस के स्वयंसेवक स्वयं तो जागरूक बनते ही हैं, साथ ही अपने प्रयासों से समाज को भी जागरूक करने का कार्य करते हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद गंगवा ने एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों की थीम पर तैयार की गई आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयंसेवकों की कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और मेहनत की सराहना की। प्रदर्शनी के बाद स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत अलग–अलग राज्यों की पारंपरिक संस्कृति, लोकनृत्य और वेशभूषा पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि रणबीर गंगवा और विशिष्ट अतिथि डॉ. रमेश आर्य का हार्दिक स्वागत किया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम का संचालन एवं सुव्यवस्थित आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों प्रो. कुमारी सरोज, प्रो. भावना, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद और प्रो. सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. अंजू चौधरी, डॉ. राजेन्द्र सेवदा, डॉ. सुरेन्द्र बाजिया, डॉ. स्नेहलता, डॉ. लखबीर सिंह, डॉ. बलवान सिंह, डॉ. मामन सिंह, डॉ. राजबीर सिवाच, डॉ. गोविल, डॉ. रमेश कडवासरा, डॉ. कुलवंत काजल, डॉ. उषा, डॉ. मालविका, डॉ. राजपाल सहित एनएसएस स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा ने बास पीएचसी सेंटर में लगाया रक्तदान शिविर, थाने में लगाई त्रिवेणी

- भाजपा युवा नेता अजय सिंधु ने भी किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। गांव बास में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए भाजपा युवा नेता अजय सिंधु व अन्य तथा बास थाना परिसर में त्रिवेणी लगाते हुए भाजपा युवा नेता अजय सिंधु व थाना प्रभारी मनदीप सिंह।

सेवा पखवाड़ा के तहत बास पीएससी सेंटर में विशाल रक्तदान शिवर लगाया गया। इसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता अजय सिंधु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्वयं भी रक्तदान करके लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह सभी कार्य किए जा रहे हैं। जोकि समाज को नया संदेश देने का काम भी कर रहे हैं।

बास मंडल प्रधान सोनू सैनी एवं युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष अमित बास ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें युवाओं ने भारी संख्या में रक्तदान करके उन लोगों को जिंदगी देने का काम किया है। जो कि खून की कमी की वजह से शायद जिंदगी को अलविदा कह जाते। इस दौरान बास पुलिस स्टेशन में थाना प्रभारी मनदीप सिंह व अजय सिंधु नेतृत्व में त्रिवेणी लगाई गई। उन्होंने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए भी जागरूक किया गया है। क्योंकि आज पेड़ पौधों की कमी के कारण वातावरण लगातार दूषित होता जा रहा है इसलिए हमें धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर वातावरण को स्वच्छ बनाना होगा। इस अवसर पर अमित मोर, डॉ. ईश्वर बडाला, आजाद शर्मा, शमशेर मोर, वीरेंद्र खांडा, प्रीति बडाला, नंबरदार शमशेर, सीताराम, राजेश चेयरमैन, कुलदीप, सोनू, मनजीत कुमारी आदि मौजूद थे।

# डीपीएस की इशिका का शानदार प्रदर्शन

- 9 से 12 अक्टूबर को सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी नेशनल जू-जुत्सु चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। प्रधानाचार्या डॉ. मंजू सुधाकर के साथ विजेता इशिका चहल। फोटो :हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा इशिका चहल ने झज्जर में आयोजित हरियाणा स्टेट जू-जुत्सु चैंपियनशिप में उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए गोल्ड एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इशिका का चयन अब नेशनल जू-जुत्सु चैंपियनशिप के लिए हुआ है जोकि 9 से 12 अक्टूबर को सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी।

विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विजेता छात्रा,उसके अभिभावकों को तथा प्रशिक्षक सचिन वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इशिका की मेहनत, संघर्षशीलता और खेल के प्रति समर्पण ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने भी इशिका को बधाई दी।

# सेवा पखवाड़ा के तहत हवाई अड्डा परिसर में साइकिल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। साइकिल रैली में उपस्थित प्रतिभागी।

हरियाणा एयरपोर्ट्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं नागरिक विमानन विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली एयरपोर्ट के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर वॉटर वर्क्स के आंतरिक क्षेत्र तक पहुंची और पुनः प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसका उद्देश्य फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। हरियाणा एयरपोर्ट्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नागर विमानन विभाग समाज कल्याण और जन-जागरूकता के प्रति प्रतिबद्ध है। वर्तमान में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा से नियमित हवाई सेवाएं हिसार-अयोध्या, हिसार-दिल्ली, हिसार-चंडीगढ़ एवं हिसार-जयपुर मार्गों पर संचालित हो रही हैं। शीघ्र ही हिसार-अहमदाबाद एवं हिसार-जम्मू मार्गों पर भी हवाई सेवाएं प्रारंभ की जाएंगी।


हिसार। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित वीर योद्धा भले सिंह व अन्य अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

### ऑपरेशन सिंदूर में विशेष भूमिका निभाने वाले वीर योद्धा भले सिंह को किया सम्मानित

**हिसार।** युवाओं को सेवार्थ भाव से प्रशिक्षित करने और स्वावलंबन की राह पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने वीरता पदक से अलंकृत वीर योद्धा भले सिंह के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बस स्टेंड के पास ऋषि नगर में स्थापित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के परिसर में पहुंचने पर ढोल बजाकर और नाचते हुए योद्धा भले सिंह का स्वागत किया गया। सम्मान समारोह व निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्ज्वलन व तिलक करके हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान भले सिंह ने बालाकोट एयर स्ट्राइक व ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित अपने अनुभव साझा करके देशभक्ति की अलख जगाई। ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने भले सिंह को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया।

# मनुष्य के जीवन में प्रश्न होने चाहिए : आचार्य योगेश

- यज्ञ के साथ आर्य समाज, मॉडल टाउन का 73वां वार्षिकोत्सव हुआ शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। आर्य समाज, माडल टाऊन में आयोजित यज्ञ में आहुति डालते यजमान।

आर्य समाज, मॉडल टाउन का 73वां वार्षिकोत्सव सुबह यज्ञ व ध्वजारोहण के साथ शुरु किया गया। सुबह यज्ञ किया गया जिसमें मदन वासुदेव, सतीश चाहर, राज वर्मा एडवोकेट व मोहनलाल शर्मा सपत्नीक यजमान बने। आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि यजमानों व उपस्थित लोगों ने आहुतियां डाली। यज्ञ उपरांत प्रभु तेरी शरण में हम सब आए, शरण में आए, शीश झुकाए.. .. भजन सुना कर आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने यजमानों के लिए प्रार्थना की। आर्य समाज के प्रधान सेठ जगदीश प्रसाद आर्य एवं मंत्री पवन रावलवासिया ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद आयोजित भजन व प्रवचनों के कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर से पधारे मुख्य प्रवक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने उपदेश करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में प्रश्न पैदा होने चाहिए, हम मानसिक रुप से तब ही बड़े हो सकते हैं, जब प्रश्न पैदा करेंगे। एक छोटा सा बालक जब सीखता है तो बहुत प्रश्न करता है तब ही वह बहुत कुछ सीख करके आगे बढ़ता है।

# उदय सिंह नारनौंद और शमशेर सिंह बने बास मार्केट कमेटी के चेयरमैन

- नवनियुक्त सदस्यों ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


उदयसिंह लोहान

बिजेंद्र सिंह।

शमशेर सिंह।

आजाद शर्मा।

भाजपा सरकार ने अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए एडजस्ट करना शुरू कर दिया है। बुधवार की शाम को मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की सूची जारी की गई। इसमें नारनौंद मार्केट कमेटी का चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान को बनाया गया है और सुलचानी गांव के पूर्व सरपंच बिजेंद्र सिंह को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। बास मार्केट कमेटी में शमशेर सिंह को चेयरमैन और पूर्व मंडल अध्यक्ष आजाद शर्मा को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सभी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का आभार जताते हुए कहा है कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है। उसको पूरी मेहनत में निष्ठा के साथ पूरा करने का काम करेंगे। मंडी में फसल आने के दौरान किसानों को जो भी परेशानियां आती हैं उनका निदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार भी किसानों के हितों में अनेक फैसले लेकर उनको राहत देने का काम कर रही हैं। पार्टी को मजबूत करने के लिए वह कार्यकर्ताओं की बीच में रहकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे।

### मार्केट कमेटियों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन नियुक्त

**हिसार।** राज्य सरकार ने मार्केट कमेटियों का गठन कर दिया है। बुधवार को घोषित सूची के अनुसार राज्य के 22 जिलों के मार्केट कमेटियों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन नियुक्त कर दिए गए हैं। सरकार की ओर से घोषित सूची के अनुसार हिसार मार्केट कमेटी में सुरेन्द्र को चेयरमैन व अनिल को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। इसी तरह हांसी मार्केट कमेटी के दिनेश धवन को चेयरमैन व सुरजीत वाइस चेयरमैन, बरवाला मार्केट कमेटी का चेयरमैन प्रवीण सैनी को व रोशन घनघस को वाइस चेयरमैन, उकलाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन इंद्र सिंह ओला और आनंद जैन वाइस चेयरमैन होंगे तथा आदमपुर मार्केट कमेटी में ठाकर दास पवार चेयरमैन और रितु वाइस चेयरमैन होंगे।

# सैलजा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, 60 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। शिविर में रक्तदान करते लाल बहादुर खोवाल एडवोकेट व अन्य।

जिला बार एसोसिएशन और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कानूनी विभाग हरियाणा राज्य के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सांसद कुमारी सैलजा के जन्मदिवस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के में पूर्व मंत्री संपत सिंह ने शिरकत की वहीं कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल अध्यक्षता के रूप में मौजूद रहे। बार रूम हिसार में आयोजित शिविर में अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में कुल 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

**मौके पर यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर पूर्व मंत्री संपत सिंह ,पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी ,एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उपप्रधान एडवोकेट विकास पुनिया ,सुनील भारद्वाज,सुनील सहदेव सोनी,एडवोकेट रतन पानू,एडवोकेट जेएस मल्ही, एडवोकेट महेंद्र सिंह नैन, मोहित अरोड़ा, पीसी मित्तल,जीसी वर्मा, मुकेश सैनी, सुरेंद्र सैनी, हरिकिशन प्रभुवाला, चंद्रहंस पोली ,अनेंद्र लोरा,राजेश भनोट, एसएम आनंद,मनोज राठी, अश्विन शर्मा, भूपेंद्र गंगवा, एडवोकेट बजरंग इंदल व अन्य मौजूद रहे।



हिसार। इसरो का शैक्षिक भ्रमण करते राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों से चयनित मेधावी विद्यार्थी।

### गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के छात्रों का इसरो में शैक्षिक भ्रमण

**हिसार।** तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकुला के निदेशक जनरल प्रभजोत सिंह की दूरदर्शी पहल पर विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने तथा उन्हें देश के अग्रणी वैज्ञानिक संस्थानों से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत प्रदेशभर के विभिन्न राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों से चयनित 28 मेधावी छात्र-छात्राओं को अहमदाबाद स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्पेस एप्लिकेशन सेंटर का शैक्षिक भ्रमण करने का अवसर प्रदान किया गया। विशेष बात यह रही कि इन विद्यार्थियों को यह अनमोल अनुभव हवाई मार्ग से कराया गया, जिससे उनकी यात्रा को और अधिक सहज, तेज एवं यादगार बनाया गया। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी, हिसार से अमन (अंतिम वर्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) और योगेश (अंतिम वर्ष, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) का चयन इस भ्रमण के लिए किया गया।

## हकृवि में आज होगा समारोह, मंत्री गंगवा होंगे मुख्य अतिथि

# सीएम करेंगे दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की ऐप का शुभारंभ

**हिसार समेत राज्य के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। तैयारियों की समीक्षा करती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कदम और आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार महत्वाकांक्षी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की गुरुवार 25 सितंबर से शुरुआत करेगी। महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी योजना के मोबाइल एप का शुभारम्भ करेंगे। इसी दिन हिसार सहित राज्य के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। एचएयू के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में होने वाले जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि होंगे। इसके अतिरिक्त हिसार के उपमंडलों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आईजी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए पहुंची अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बुधवार को बताया कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को महीने में 2100 की वित्तीय सहायता देना है।

**योजना के दायरे से यह रहेंगे बाहर**

एडीसी ने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा/निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग पैशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीड़ित महिला/लडकी को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

**पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया होगी निशुल्क**

एडीसी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिला के पास हरियाणा का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर जो कि आधार से लिंक हो, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, अगर महिला विवाहित है तो ससुराल के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बिजली बिल का कनैक्शन नंबर, एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर(यदि बेरोजगार हो), महिला/परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर रजिस्टर वाहनों का विवरण, महिला के नाम पर रजिस्टर बैंक खाता विवरण आदि दस्तावेज जरूरी हैं।